टैप-बी प्लान कंपीटिशन जीतकर उर्वशी व स्माईली जाएंगी यू.एस.ए.

■ मान्या वडेरा ने पाया 5वां स्थान, जीते 5 हजार

जालंधर, 7 जुलाई (विनीत): ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस, रामा मंडी की छात्राओं ने आई.के. गुजराल पी.टी.यू. व टाई, चंडीगढ़ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित हुए ऑनलाइन टैप-बी प्लॉन कंपीटिशन-2020 जीतकर इंस्टीच्यूट का गौरव बढ़ाया है।

जानकारी देते हुए इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा ने बताया कि स्टूडैंट्स के एन्टरप्रीन्योर स्किल्स व टैलेंट को निखारने के उद्देश्य से हुए उक्त कंपीटिशन में सर्वप्रथम 125 संस्थानों की टीमों ने शिरकत की, जिसके पहले राउंड के पश्चात शार्टलिस्ट

स्माईली, उर्वशी व मान्या के साथ डा. राजेश बग्गा व अन्य फैकल्टी सदस्य।

की गई 20 टीमों के बाद ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ने पहला व 5वां स्थान हासिल किया।

घोषित हुए परिणामानुसार उनके इंस्टीच्यूट की छात्रा उर्वशी व स्माईली ने कंपीटिशन में 'फर्स्ट प्राइज' जीता, जिसके तहत उन्हें 40 हजार रुपए नगद व यू.एस.ए. में होने वाले ग्लोबल टाई बी-प्लॉन कंपीटिशन में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिला।

इसके अलावा बी.बी.ए.-1 की छात्रा मान्या वडेरा ने कंपीटिशन में 5वां स्थान प्राप्त करके 5 हजार रुपए का नगद इनाम जीता। विजेताओं को पी.टी.यू. के वाईस चांसलर डा. अजय शर्मा ने वर्चुएल तौर पर प्राइज बांटे।

Punjab Kesari 08 July 2020

11:05 am ✓✓